हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 11 जुलाई 2024

06 विधायक व महापौर प्रतिनिधि ने दुकान...



07 युवाओं की पहल: लगातार पांच साल से किया जा रहा...





## कई बार गाय से टक्कर होने जाने के कारण नागरिक घायल हो जाते हैं

# दुर्घटना में घायल हो रही हैं गाय, घर से बाहर करने पर घूमती रहती हैं सड़कों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नगर की सड़क पर बेसहारा घूम रहे गोवंश जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान। किसानों को रातभर जागकर करनी पड़ रही रखवाली। चारे का इंतजाम न होने से गोशाला खाली पड़ी है। सड़कों पर गायों का खड़े रहने के कारण आवागमन बाधित तो होता ही है। साथ ही कभी वाहनों से गाय घायल हो जाती है जिससे अनेक गायों की मौत तक हो चुकी है।



कई बार गाय से टक्कर होने के कारण नागरिक घायल हो जाते हैं। यहां तक कि मौत तक हो जाती है। यदि गाय सड़क पर ना रहे तो इस प्रकार आए दिन हो रही दुर्घटनाएं कम हो सकती हैं।भैरंदा नगर के नागरिक ओर समाजिक लोगों का कहना है जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण गोवंश सड़कों पर बेसहारा घूम रहा है।साथ ही खाने-पीने की तलाश में वाहनों की चपेट में आने से दुर्घटनाग्रस्त हो रहा है। गोवंश सड़कों पर डेरा जमाए रहती है जिससे हर पल हादसों का खतरा बना रहता है। गोवंश की दुर्दशा को देखकर गोसेवक व्यवस्थाओं को सुधारने की मांग करको लेकर ज्ञापन भी सौंप चुके हैं, परंतु अभी तक किसी ने गोसेवकों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया है। जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण गोवंश सड़कों पर बेसहारा घूम रहा है। साथ ही खाने-पीने की तलाश में वाहनों की चपेट में आने से दुर्घटनाग्रस्त हो रहा है। गोवंश की सुरक्षा के लिए किसी भी तरह के इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं।

### लाठी खाने को मजबूर हैं गाय

भूखी प्यासी गाय जब अपनी भूख मिटाने के लिए सब्जी फल के ठेलो पर मुंह मारती है तो अनेक दुकानदारों के द्वारा गाय को लाठी मारी जाती है। क्योंकि उनको गाय से नुकसान हो रहा होता है। गाय भी कहां जाए क्या खाए इस कारण ठंडे खाकर भी सब्जी खाने को विवश होती है। लोग को जरुर गायों को बची हुई सब्जी या सब्जी वालों के द्वारा लाए जाने वाले पत्ते आदि मिल जाते हैं। अब वह भूखी रहती है।

### किसानों को करना पड़ती है फसलों की रखवाली

*सड़कों पर घूम रहे आवारा मवेशियों से अपनी फसल को बचाने के लिए किसानों को खेतों पर ,रातभर जागकर रखवाली करनी पड़ रही है। आवारा मवेशियों से फसल को बचाने के लिए किसानों को दिन-रात जागकर ड्यूटी देना पड़ रही है। हालांकि सड़क पर घूम रहे गोवंश की परेशानी का मुख्य कारण किसान ही है, क्योंकि दूध देना बंद करने के बाद वे खुद गायों को छोड़ देते है। इस कारण बेसहारा मवेशियों की संख्या बढ़ती जा रही है।*

## खबर संक्षेप

### जेईई, नीट व क्लेट की निशुल्क कोचिंग

**सीहोर।** जनजातीय विद्यार्थियों को जेईई, नीट और क्लेट सहित अन्य परीक्षाओं की कोचिंग फ्री दी जाएगी। यह कोचिंग इंदौर, भोपाल और जबलपुर में होगी। जनजातीय कार्य विभाग ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आकांक्षा योजना बनाई है। योजना के तहत 10वीं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। विद्यार्थियों का कोचिंग संस्थान की प्रवेश परीक्षा के अंकों के आधार पर चयन होगा। योजना के तहत 2024-25 में राज्य स्तर पर प्रवेश परीक्षा में 400 विद्यार्थियों का चयन जेईई के लिए किया जाएगा। जेईई की कोचिंग भोपाल, नीट की कोचिंग इंदौर और क्लेट की कोचिंग के लिए जबलपुर को चुना है। नीट और क्लेट में 200-200 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा।

### इलेक्टिव सब्जेक्ट शामिल करना अनिवार्य

**सीहोर।** उच्च शिक्षण संस्थानों में एनसीसी को इलेक्टिव सब्जेक्ट के रूप में शामिल करना अनिवार्य किया गया है। इस संबंध में यूजीसी ने निर्देश जारी कर दिए हैं। इसके तहत वैकल्पिक विषय केवल उन छात्रों को दिया जाएगा जो एनसीसी कैडेट्स रूप में नामांकित हैं। यूजीसी के निर्देश के बाद उच्च शिक्षा विभाग ने इस मामले में काम करना शुरू कर दिया है। एनसीसी ने एनईपी 2020 के अनुरूप एक मानकीकृत सामान्य वैकल्पिक क्रेडिट कोर्स तैयार किया है।

### पोर्टल पर जानकारी अपडेट नहीं

**सीहोर।** एजुकेशन पोर्टल पर शिक्षकों के पदों की जानकारी अपडेट नहीं होने से शिक्षक परेशान हो रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि स्कूलों में पद खाली पड़े हैं, लेकिन पोर्टल पर खाली पद डिस्प्ले नहीं हो रहे हैं। इस विसंगति के चलते विभाग उच्च पदों के प्रभार की प्रक्रिया ही शुरु नहीं कर पा रहा है। पिछले साल सितंबर में उच्च पद के प्रभार के लिए माध्यमिक शिक्षकों, प्रधानाध्यापकों एवं उच्च श्रेणी शिक्षकों की काउंसलिंग की गई थी। लेकिन अब तक उच्च पदों का प्रभार ही नहीं मिला। पदों की जानकारी अपडेट नहीं होने के बारे में अधिकारी कुछ बता भी नहीं पा रहे हैं कि यह परेशानी कब तक ठीक होगी।

### मानव अधिकार संबंधी शिकायत अब ऑनलाइन

**सीहोर।** मानव अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए आयोग में नागरिक अपनी शिकायत ऑनलाइन फ्री पोर्टल www.hrcnet.nic.in पर पत्राचार द्वारा टोल फ्री नम्बर 144334 पर भी कर सकते हैं।

## सेंट एन्स सीनियर सेकंडरी स्कूल ने जमा की दो लाख रुपए जुर्माने की राशि

**सीहोर।** कलेक्टर प्रवीण सिंह के आदेश पर सीहोर के सेंट एन्स सीनियर सेकंडरी स्कूल ने जुर्माने की राशि दो लाख रुपए जमा करा दी है। स्कूल प्रबंधन ने उपस्थित होकर कलेक्टर के आदेश के पालन में लिखित रूप से फीस वृद्धि तत्काल वापस ले ली है। इसके साथ ही शिक्षा सत्र 2023-24 की फीस का समायोजन आगामी शिक्षा सत्र 2024-2025 करने की सहमति दी है। जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर ने बताया कि सेंट एन्स सीनियर सेकंडरी स्कूल प्रबंधन ने कहा कि पालक किसी भी दुकान से पुस्तके क्रय कर सकते हैं। किसी भी प्रकार का कोई दबाव पुस्तक क्रय करने के लिए पालकों पर नहीं बनाया जाएगा। स्कूल प्रबंधन द्वारा हर धर्म का समान भावना से आदर करने तथा सर्व धर्म में विश्वास की बात कही।

**जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर की गई थी कुर्की :** जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर गत दिनांक राजस्व विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय तथा नगर पालिका की टीम द्वारा सेंट एन्स सीनियर सेकंडरी स्कूल द्वारा जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर कुर्की की कार्रवाई की गई। राजस्व विभाग की टीम द्वारा की गई कुर्की की कार्रवाई में लगभग दो लाख रुपये मूल्य के संस्था के 15 कम्प्यूटर जब्त किए गए थे।

**शिकायत सही पाए जाने पर कलेक्टर ने लगाया था जुर्माना :** सीहोर के सेन्ट एन्स सीनियर सेकंडरी स्कूल द्वारा फीस वृद्धि और एक ही दुकान से छात्र-छात्राओं को पुस्तकें खरीदने की शिकायतें प्राप्त हुई थी। शिकायत सही पाए जाने पर कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सेन्ट एन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल पर दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। साथ ही जुर्माने की राशि सात दिवस के भीतर जमा करने के निर्देश दिए थे।

## कार्रवाई : कृषि साख सहकारी संस्था छिदगांवमौजी के प्रबंधक निलंबित

**सीहोर।** बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित छिदगांवमौजी जिला सीहोर के प्रबंधक अशोक मीना को मूंग एवं खाद के कार्य में लापरवाही बरतने का दोषी पाए जाने पन निलंबित कर दिया गया है। छिदगांवमौजी के प्रबंधक का प्रभार राधेश्याम सोलंकी पर्यवेक्षक शाखा लाड़कुई को अपने वर्तमान दायित्वों के साथ सौंपा गया है।

भैरूंदा एसडीएम द्वारा उनको प्राप्त शिकायत के संबंध में पवन पुत्र फूड पार्क ग्राम बीजला का निरीक्षण किया गया था। एसडीएम द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित छिदगांवमौजी जिला सीहोर के प्रबंधक अशोक मीना को मूंग एवं खाद के कार्य में लापरवाही बरतने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा निलंबित कर दिया गया है।

# खेतों में डोरे चलाकर किसान कर रहे खरपतवार नष्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

तहसील क्षेत्र के कुछ ग्रामों में खरीफ फसल की बोवनी को एक पखवाड़े से अधिक का समय हो गया है। इन फसलों में किसान अब डोरे (कुल्पे) चलाकर खरपतवार नष्ट करने में जुट गए हैं। तहसील क्षेत्र में वैसे तो अधिकांश ग्रामों में खरीफ फसल की बोवनी का कार्य मानसून की देरी के चलते गत चार-पांच दिन पूर्व हुआ है। लेकिन कुछ ग्रामों में लगभग एक पखवाड़ा पूर्व बोवनी की जा चुकी थी। जहां पूर्व में बोवनी की जा चुकी थी वहां वर्तमान में फसलें अच्छी बताई जा रही हैं। लगभग एक पखवाड़े से अधिक समय की जहां फसलें हो चुकी हैं वहां किसान अब खेतों से खरपतवार नष्ट करने के लिए डोरे (कुल्पे) चलाने लग गए हैं।

गौरतलब है कि कुछ वर्ष पूर्व तक जब किसान खरपतवार नाशक दवाई का उपयोग नहीं करते थे और लगभग सभी किसानों के पास बैल जोड़ी हुआ करती थी। वे अपने खेतों से खरपतवार नष्ट करने के लिए बैल से चलने वाले कुल्पे चलाया करते थे। लेकिन अब अधिकांश किसानों के पास बैल जोड़ी नहीं है। ऐसे में वे मोटरसाइकिल में जुगाड़ कर उसके पीछे कुल्पे जुड़वाकर चला रहे हैं। कई किसान छोटे ट्रैक्टर के माध्यम से भी कुल्पे चला रहे हैं।

### साध्वी जितेश रत्ना श्रीजी म.सा. आदि ठाणा-4 का चातुर्मास मंगल प्रवेश कल

**नलखेड़ा।** स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज में इस वर्ष साध्वी जितेश रत्ना श्रीजी म.सा. आदि ठाणा - 4 का चातुर्मास के लिए भव्य मंगल प्रवेश नगर में 12 जुलाई को होगा। जैन समाजजनों द्वारा साध्वी मंडल की अगवानी कर नगर में चल समारोह निकाला जाएगा। गुण रत्न सवंत्सर तपस्विनी साध्वी गुण रत्ना श्रीजी महाराज साहब की शिष्या जितेश रत्ना श्रीजी म.सा ठाणा 4 का इस वर्ष का वर्षाकाल चातुर्मास नलखेड़ा नगर में होगा। जैन समाजजनों द्वारा बगलामुखी मार्ग स्थित रैन बसेरा से शुक्रवार को प्रातः 8.30 बजे नगर में मंगल प्रवेश का चल समारोह निकाला जाएगा। इस अवसर पर स्थानीय जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक श्री संघ की ओर से रेन बसेरा में नवकारसी का कार्यक्रम भी रखा गया है। मंगल प्रवेश जुलूस के दौरान स्थान - स्थान पर समाजजनों द्वारा साध्वी मंडल के समक्ष गहुली कर उनकी अगवानी की जावेगी। जुलूस जैन श्वेतांबर मंदिर पहुंचेगा जहां पर देव दर्शन व चैत्यवंदन का कार्यक्रम होगा। तत्पश्चात जैन आराधना भवन में साध्वीजी के मंगल प्रवचन का कार्यक्रम होगा।

## अब 13 साल से कम पर भी मिलेगा 9वीं में एडमिशन

# स्कूल शिक्षा विभाग ने की न्यूनतम आयु के बंधन में छूट देने की घोषणा

12 जुलाई प्रवेश की अंतिम तारीख

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्कूल शिक्षा विभाग ने 9वीं में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 13 वर्ष के बंधन में छूट दे दी है। अब 13 साल से दो-पांच महीने कम उम्र होने पर भी नवीन शिक्षा सत्र 2024-25 में प्रवेश मिल जाएगा। इसका लाभ प्रदेश के हजारों बच्चों को मिलने की उम्मीद है।

बता दें की आठवीं उत्तीण कर चुके 13 साल से कम उम्र के बच्चों को 9वीं में प्रवेश नहीं दिया जा रहा था और न ही हाई स्कूल, हायर सेकंडरी परीक्षा के लिए उनके नामांकन कराए जा रहे थे। स्कूल में प्रवेश के लिए 6 वर्ष आयु सीमा तय है, इसका पालन करने का जिम्मा राज्य शिक्षा केंद्र पर है, पर देखने में आया है कि राज्य शिक्षा केंद्र नियम का पालन नहीं करा पा रहा है, जिस कारण 12 वर्ष और कुछ माह में विद्यार्थी 8 वीं उतीर्ण तो कर लेता है, पर उसे 9 वीं में प्रवेश नहीं दिया जाता। क्योंकि लोक शिक्षण संचानालय के इस नियम को मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इस वर्ष से अपने प्रवेश नियमों में शामिल कर लिया है। 12 जुलाई प्रवेश की अंतिम तारीख है। ऐसे में जिलों से लगातार मांग उठ रही थी की 9वीं में प्रवेश के लिए आयु सीमा के बंधन को शिथिल किया जाए। क्योंकि इस आयु सीमा के बंधन से 9वीं में प्रवेश से वंचित होने वाले सबसे ज्यादा बच्चे सरकारी स्कूलों में है। यह मामला जब स्कूल शिक्षा मंत्री तक पहुंचा तो मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए इसके बाद विभाग ने 9 वीं में प्रवेश के लिए आयु सीमा बंधन 13 वर्ष को वर्तमान सत्र के लिए शिथिल कर दिया है।

### नियमों में बदलाव संभव

बताया जा रहा है कि स्कूल शिक्षा विभाग इस नियम को स्थाई रूप से शिथिल करने पर भी विचार कर रहा हैद्ध हालांकि इसके लिए बैठक होगी और फिर निर्णय लिया जाएगा। उम्मीद है कि इसे घटकर 12 साल 6 माह किया जा सकता है।

### किसानों को कृषि योजनाओं के लिए एमपी किसान पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य

**सीहोर।** कृषि विभाग की विभिन्न योजना अंतर्गत बीज, सिंचाई यंत्र एवं आदान सामग्री का लाभ लेने के लिए जिले के कृषक किसान पोर्टल एमपी किसान पर ऑनलाइन पंजीयन करायें। पंजीयन के लिए स्वयं या नजदीकी एमपी ऑनलाइन पर जाकर आवेदन करें। जिले के किसान भाई, कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए **kisan.mp.gov.in** के माध्यम से कृषक स्वयं ही पंजीयन कर सकते हैं। कृषि योजना में पंजीयन करने के लिये कृषि योजना के लिये पंजीयन पर क्लिक करें। कृषि योजना के लिये पंजीयन करे, लिंक पर क्लिक करने बाद नए टैब में पंजीयन पेज ओपन हो जाता है तथा पंजीयन के लिए जरूरी दस्तावेज जो संलग्न होने की जानकारी दी जाती है जैसे कृषक का आधार कार्ड, कृषक की भूमि से सम्बंधित जानकारी, कृषक की समग्र आई.डी, कृषक का जाति प्रमाण - पत्र यदि आवेदक अनु.जाति,अनु.जनजाति का हो तो जानकारी ध्यान पूर्वक पढ़े और आगे बढ़े बटन पर क्लिक करने के बाद, किसान पंजीयन फार्म प्रदर्शित हो जाता है जहां दो ऑप्शन प्रदर्शित होते है।

# उमस से आमजन परेशान झमाझम बारिश का इंतजार

## नलखेड़ा तहसील में सबसे कम बारिश दर्ज

**नलखेड़ा।** नगर सहित क्षेत्र में उमस भरे वातावरण से आमजन परेशान हो रहे हैं। अभी तक क्षेत्र में हुई अल्प वर्षा के कारण मौसम में ठंडक नहीं घुल पाई है। नागरिकों को उमस से बचने के लिए झमाझम बारिश का इंतजार है। जिले में इस वर्ष की सबसे कम वर्षा नलखेड़ा तहसील में दर्ज की गई है। नगर सहित क्षेत्र में तीन चार दिन पूर्व हुई अच्छी वर्षा के बाद सोमवार दोपहर में हल्की वर्षा हुई थी। क्षेत्र में इस वर्ष अभी तक प्रतिवर्ष से काफी कम वर्षा हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील में अभी तक मात्र लगभग 4 इंच वर्षा दर्ज की गई है। प्रतिदिन आसमान में बादल तो छाते है लेकिन बिना बरसे ही निकल जाते है। कभी कभी हल्की बूंदा बांदी जरूर कर जाते है। ऐसे मौसम व कम वर्षा के कारण क्षेत्र में वातावरण उमस भरा हो गया है। सुबह से ही उमस के कारण नागरिक पसीना पसीना हो जाते है। उमस का यह पसीना चिपचिपा होने के कारण आमजन और अधिक परेशान हो रहे हैं। इस उमस भरे वातावरण से छुटकारा पाने के लिए अब हर किसी को झमाझम वर्षा या झड़ी का इंतजार है, जिससे मौसम में कुछ ठंडक व्याप्त हो सके।

### जिले में वर्षा की स्थिति

जिले में इस वर्ष अब तक 176.4 एमएम वर्षा दर्ज की गई है, जबकि पिछले वर्ष में 205.5 एमएम वर्षा दर्ज की गई थी। पिछले वर्ष के तुलना में इस वर्ष 29.1 एमएम वर्षा कम दर्ज की गई है। जिले में बुधवार सुबह 8 बजे तक 24 घंटे में आगर तहसील में 2 एमएम वर्षा दर्ज हुई है, शेष अन्य तीन तहसील बड़ौद, सुसनेर एवं नलखेड़ा में शून्य वर्षा दर्ज की गई है। इस वर्ष आगर में सर्वाधिक 265.7 एमएम वर्षा दर्ज की गई है, जबकि तहसील नलखेड़ा में सबसे कम 104 एमए वर्षा दर्ज हुई है।

## अधिकारियों और ग्रामीणों ने भी पौधारोपण कर वायुदूत एप पर फोटो अपलोड़ किए

# पौधारोपण के बाद संरक्षण करना भी है जरूरी : कलेक्टर

### एक पेड़ मां के नाम अभियान में कलेक्टर और सीईओ ने किया पौधारोपण





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं सीईओ जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर द्वारा बुधवार को ग्राम मारूबर्डिया पहुंच कर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत राजा हरिश्चंद्र मुक्तिधाम, सर्वेश्वर मुक्तिधाम एवं तालाब के आसपास ग्रामीणजनों के साथ फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कलेक्टर ने प्राकृतिक संतुलन में पेड़-पौधों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीणजनों से अधिक से अधिक पौधारोपण कर उनका संरक्षण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हर एक व्यक्ति एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एक पौधे का रोपण करें। पौधारोपण करने के बाद उसका संरक्षण करना बेहद जरूरी है। संरक्षण के अभाव में पौधा पेड़ का रूप नहीं ले सकता है, इसलिए उसे पेड़ का रूप देने का संकल्प लें, जिससे कि आने वाले दिनों में आपके द्वारा लगाए गए पेड़ो से पूरा क्षेत्र हरभरा हो जाए। इस अवसर पर एसडीएम आगर सर्वेश यादव, सीईओ जनपद बडौद जितेन्द्र सेंगर, अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं सरपंच प्रकाश कुवंर बाई सहित उपस्थित ग्रामीणजनों ने पौधारोपण कर फोटो अंकुर वायुदूत एप पर दर्ज किए।

## जिले में वृहद स्तर पर पौधारोपण को लेकर बैठक आयोजित

**नलखेड़ा।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में जिले में पौधारोपण की तैयारियों को लेकर बुधवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्टर शने जिले में वृहद स्तर पर पौधारोपण के लिए विभागों को लक्ष्य आवंटित करते हुए लक्ष्यानुसार पौधारोपण करवाने तथा फोटो वायुदूत अंकुर एप पर दर्ज करवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर, एसडीएम आगर सर्वेश यादव, एसडीएम सुसनेर मिलिन्द ढोके सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 52 लोगों जांच की

**देवास।** पेंशनर्स एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ जिला देवास एवं अवंतिका हास्पिटल अवंतिका नगर मक्सी रोड देवास के संयुक्त तत्वावधान में वरिष्ठ नागरिकों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें डॉ. एसएस मालवीय सेवा निवृत्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आगर एवं डॉ. मनीषा चौहान द्वारा 52 वरिष्ठ नागरिकों का ब्लड प्रेशर, शुगर, हार्ट बिटिंग, नेत्र परीक्षण किया गया। परीक्षण उपरांत उन्हें निशुल्क परामर्श दिया गया। शिविर की औपचारिक शुरुआत पेंशनर संघ के मार्गदर्शक, संरक्षक, पूर्व प्रांताध्यक्ष मांगीलाल मालवीय देवड़ा के मुख्य आतिथ्य, संगठन के जिलाध्यक्ष पं. देवीशंकर तिवारी की अध्यक्षता तथा प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण मोहरी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओ.पी. सोलंकी के विशेष आतिथ्य में हुई। सर्वप्रथम डॉ. एसएस मालवीय ने कार्यक्रम की भूमिका बांधते हुए स्वास्थ्य परीक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा प्रतिमाह की 10 तारीख को यह कार्यक्रम निर्बाध रूप से चलता रहेगा यह घोषणा की। एम.एल.मालवीय देवड़ा एवं जिलाध्यक्ष पं. तिवारी ने डॉ. मालवीय एवं डॉ. चौहान के सेवाभाव की भूरी भूरी प्रशंसा की। उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों ने करतल ध्वनि से डॉक्टरों का स्वागत किया। निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत दोपहर पश्चात 1 बजे पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ देवास की जिला कार्यकारिणी की बैठक प्रारंभ हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पं. देवीशंकर तिवारी ने की। मुख्य अतिथि तहसील अध्यक्ष देवास अनिल नागर एवं विशेष अतिथि जिला ऑडिटर ब्रजेन्द्र जोशी रहे। जिला कार्यकारिणी की बैठक में संघ द्वारा प्रकाशित होने जा रही स्मारिका का विमोचन 25 दिसम्बर को संघ के जिला सम्मेलन के अवसर पर करने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके साथ ही कार्यकारिणी की बैठक भी हुई।

### महापौर जनसुनवाई में गीता अग्रवाल ने सुनी नागरिकों की समस्या

# विधायक व महापौर प्रतिनिधि ने दुकान संचालकों को लाइसेंस किए वितरित

### निगम सफाई कर्मचारियों ने पद्दोन्नति के लिए कलेक्टर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



प्रति बुधवार को निगम मे होने वाली महापौर जन सुनवाई के अन्तर्गत बुधवार को महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल के द्वारा निगम बैठक हाल मे नागरिकों से निगम संबंधि समस्याओं के आवेदन प्राप्त किए, जिसमे से 2 आवेदनों का निराकरण जनसुनवाई के दौरान ही किया गया।

शेष 7 आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर उनका निराकरण समय सीमा मे किए जाने के निर्देश दिए गए। महापौर गीता अग्रवाल के द्वारा जनसुनवाई मे 8 खाद्य व अखाद्य लायसेंसो का वितरण विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, निगम स्वास्थ्य समिती अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिह बैस, लोक निर्माण समिती अध्यक्ष गणेश पटेल, उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया के साथ व्यवसाईयों को किया गया। इस अवसर पर निगम लेखा अधिकारी दिलीप गर्ग, प्रभारी कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती, सहायक यंत्री जगदीश वर्मा, मुशाहीद हन्फी, दिनेश चौहान, कार्यालय अधिक्षक अशोक देशमुख, स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया, राजस्व अधिकारी प्रवीण पाठक, संजय चौधरी, हरेन्द्रसिह ठाकुर, विशाल जगताप आदि सहित नगरिकगण व व्यवसाई उपस्थित रहे।

#### पद्दोन्नति के लिए कलेक्टर से लगाई गुहार

नगर निगम में 20 वर्षो से कार्य कर रहे सफाई कर्मचारियों की पद्दोन्नति की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता आर.बी. भाई पटेल ने कलेक्टर ऋषव गुप्ता को आवेदन देकर गुहार लगाई है। पटेल ने आवेदन मे बताया कि नगर पालिक निगम देवास में सफाई कर्मचारी/सफाई मित्र पिछले 20 वर्ष से अधिक समय से कार्य कर रहे है, किंतु उन्हें अब तक पद्दोन्नति नही मिली है। शासन द्वारा घोषित दैनिक मजदूरों को मंहगाई के अनुसार प्रतिवर्ष वेतन बढ़ाया जाता था, लेकिन वाल्मिकी जाति से राजनैतिक, अधिकारी जो इस वर्ग से अंदरूणी नफरत जाति आधार पर करते है। उन्होनें षडयंत्र रचकर दैनिक सफाई मजदूरों को सफाई मित्र आदि नामों से रखकर उन्हें शासन की समस्त सुविधाओं से वंचित कर दिया गया है। पिछले 20 वर्ष से अधिक समय से कार्यरत सफाई कर्मचारी, मित्र मांग कर रहे कर रहे है कि हमें सफाई दरोगा, जमादार के पद पर पदोन्नत किया जाए। किंतु संबंधित विभाग के अधिकारी अपने एजेन्ट, दलाल के माध्यम से सफाई मित्रों से रिश्वत लेकर नई नियुक्ति करते समय ही उन्हें दरोगा के पद पर पदोन्नत कर देते है। पटेल ने मांग की है कि मुझे जनवरी 2014 से जनवरी 2024 तक कितने सफाई मित्रों को पदोन्नत किया गया। उनकी नियुक्ति दिनांक, पदोन्नति दिनांक, जन्म दिनांक की सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाए। पटेल ने आवेदन में चन्द्रलोक नगर, गणेशपुरी दोनो के बीच में मुख्य रोड़ पिछले 15 वर्षों से एवं बीच में नाला कच्चा है। उसे बनाने हेतु आवेदन पत्र कई बार दिया। राज्य शासन द्वारा पिछले वर्ष 2 हजार करोड़ रूपये शहर के नाले, नालियों, रोड बनाने हेतु स्वीकृत किये गये थे, लेकिन जनचर्चा का विषय है कि उक्त रूपये संबंधित नेता, अधिकारियों ने चुनाव में खर्च कर दिये है। अतः शीघ्र ही चन्द्रलोक नगर, गणेशपुरी का नाला एवं रोड बनाने के निर्देश संबंधितों को दिए जाए।

# दूषित जल छोड़ने की सूचना के बाद निरीक्षण करने पहुंचा प्रशासन

### जांच पड़ताल करके बनाया पंचनामा




**देवास।** प्रदूषण विभाग ने लिए सैंपल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक कंपनी से बुधवार को दूषित जल छोड़ने की सूचना के बाद एसडीएम बिहारी सिंह निरीक्षण करने पहुंचे और मौके पर जांच पड़ताल की गई। इस दौरान एसडीएम ने कंपनी के खिलाफ पंचनामा भी बनाया साथ ही प्रदूषण विभाग के अधिकारियों द्वारा दूषित जल का सैंपल लिया रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

एसडीएम बिहारी सिंह ने बताया कि आज रेंडम चेकिंग कि है। निंरतर शिकायत मिलती रहती है कि देवास की औद्योगिक ईकाइयों द्वारा पानी डिस्चार्ज किया जाता है। रुटीन चैकिंग में आज कृति सोया कंपनी की जांच हमने की है।

यहां से कुछ पानी छोड़ा जा रहा है इसको लेकर हमने देखा है प्रदूषण विभाग की टीम को बुलाकर उसके सैंपल लिए गए हैं कि वह पानी शुद्ध है या अशुद्ध है जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट के बाद मामले में संज्ञान लिया जाएगा और जो भी कार्रवाई होगी की जाएगी। वहीं प्रदूषण विभाग की अधिकारी निकिता बरड़े का कहना था कि अभी हमने सैंपल लिए हैं इसमें कुछ कह नहीं सकते जांच के बाद ही कुछ कह पाएंगे।

# पंडित को मिली सिविल सर्जन की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला चिकित्सालय में तत्कालीन सिविल सर्जन डॉ. एमपी शर्मा को वित्तीय अनियमितता की जांच में दोषी पाए जाने पर निलंबित कर दिया गया था तथा उनपर एफआईआर भी दर्ज की गई थी, जिसके बाद डॉ.खरे को सीएस पद का प्रभार दिया गया था।

बुधवार को संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा डॉ. नीता पंडित एनेस्थीसिया विशेषज्ञ को प्रभारी सिविल सर्जन की जिम्मेदारी सौपी गई। पंडित अभी जिला अस्पताल देवास में ही पदस्थ हैं।

# तीन आरोपी एक-एक वर्ष के लिए किए जिलाबदर

### अपराधिक गतिविधियों में संलग्नता पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋषव गुप्ता ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत तीन आरोपियों को लगातार अपराधिक गतिविधियों में संलग्न होने पर एक-एक वर्ष के लिए जिलाबदर किया है। जिसमें आरोपी केन्या उर्फ कृष्णपाल पिता अनोखीलाल उम्र 26 साल निवासी ग्राम सिया, मलखान पिता मोहनलाल उम्र 27 साल निवासी ग्राम सिया तथा भगवान पिता अन्तरसिंह सोलंकी उम्र 34 साल निवासी शांति नगर अमोना देवास को जिलाबदर किया है। गुप्ता ने आदेश दिया है कि तीनो आरोपी आदेश प्राप्ति से 24 घंटे के भीतर जिला देवास एवं उसके आस पास के सीमावर्ती जिलों इन्दौर, उज्जैन, शाजापुर, सीहोर, हरदा, खण्डवा, खरगोन की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाए तथा जिला दंडाधिकारी न्यायालय की बिना पूर्व अनुज्ञा के प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

# गांव में किया पौधरोपण बच्चों को बांटी किताबें



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा

ग्राम नयापुरा को विकास की राह पर लाने वाले पूर्व जनपद सदस्य हुकुमचंद कंठाली ने अपने जन्मदिन पर नयापुरा में नया नवाचार करते हुए, गांव में पर्यावरण के हित में पौधरोपण किया गया।

इस दौरान शासकीय माध्यमिक विद्यालय नयापुरा में विद्यार्थीयों को किताब और पेन भेंट किए। इस उपलक्ष्य में पूर्व जनपद अध्यक्ष निर्मला कंठाली, सरपंच मंजू संजू मथानिया, उप सरपंच धर्मेंद्र खेरिया, सचिव दिनेश सिसोदिया, सहायक सचिव दिनेश कंठाली, प्रदेश सचिव कांग्रेस पार्टी मनोज कंठाली, रमेश सनाया, गोपाल नितेश कंठाली और गांव के बंसी लाल, शंकर लाल, सूरजमल कंठली, केदारमल सनाया, गोपाल रुपयाला, शेषपाल लखन पायलेट आदि उपस्थित रहे।

# इको फ्रेंडली प्लॉग रन का आयोजन कर छात्राओं को दिया स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रशिक्षण




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

स्वच्छता अपनाओ, गंदगी भगाओ अभियान अंतर्गत शहर में स्वच्छता के प्रति लोगो को जागरूक करने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा बुधवार को स्वच्छता जागरूकता प्लॉग रन का आयोजन किया गया। विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल एवं सभापति रवि जैन के द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्लॉग रन का शुभारंभ किया। महाराणी चिमनाबाई स्कूल से पैदल मार्च निकाला गया। पैदल मार्च मे स्वच्छता ब्राण्ड एंबेसडर महेश सोनी, आदील पठान, नोडल सौरभ त्रिपाठी, प्रचार्य रूची व्यास के साथ महाराणी चिमनाबाई विद्यालय की छात्राओं व निगम अधिकारी कर्मचारियों द्वारा सुखे कचरे को उठाया गया एवं कचरा थेली में एकत्रित किया गया। आयोजन की विशेष बात यह रही कि संपूर्ण आयोजन जीरो वेस्ट आधारित(इको फ्रेंडली) रहा अर्थात आयोजन के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर पर्यावरण हितेषी वस्तुओं का उपयोग किया गया। नोडल त्रिपाठी द्वारा अतिथियों का स्वागत सम्मान पौधा एवं मिट्टी के श्रीगणेश की प्रतिमा देकर किया। कार्यक्रम के दौरान ब्रांड एंबेसडर सोनी एवं पठान द्वारा छात्राओं को स्वच्छता एवं जल संचय आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया। आयोजन के उपरांत अतिथियो द्वारा निरन्तर स्वच्छता गतिविधियों में सहयोग प्रदान करने के लिए चिमनाबाई विद्यालय के प्राचार्य रुचि व्यास एवं पदाधिकारी संजय जोशी, आदिल पठान, राजू सातपुते, वेदना चौधरी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम का संचालन विशाल जोशी एवं अरुण तोमर द्वारा किया गया। आभार सोनी ने माना। कार्यक्रम के दौरान एक पेड मॉं के नाम अभियान के अन्तर्गत अतिथीयों के द्वारा विद्यालय प्रांगण मे पौधारोपण भी किया गया।

# साक्षरता कार्यक्रमः निरक्षरों के घर जाकर किया संपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा



उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत जिला प्रौढ शिक्षा अधिकारी राजेंद्र सक्सेना के मार्गदर्शन में संकुल सहसमन्वयक वारिस अली के द्वारा लखवाडा सरपंच रामचंद्र भुरू,बीआरसी कय्युम खान, जनशिक्षक जगदीश बुन्दड, नोडल अधिकारी मीना नरवरिया, शिक्षक सुनिता नागर तथा पीटीए अध्यक्ष सजनी बाई व सोना बैरागी के साथ असाक्षरों से घर-घर जाकर संपर्क किया गया। असाक्षरों से नियमित कक्षा में उपस्थित होने का आग्रह किया। इस क्रम में ग्राम बेहरी में भी संपर्क कर सामाजिक चेतना केंद्र पर उपस्थित रहने की अपील की। बीआरसी व इंजिनियर सुनिल बम ने शाप्रावि आरिया की मरम्मत लायक टपकती क्षत का भी निरिक्षण किया तथा ग्रामीणजनों की मांग पर सरपंच के द्वारा शीघ्र समस्या के समाधान हेतु पंचायत सचिव और सहसचिव को बुलाकर निर्देशित किया।

### बागली विकासखंड में बाएफ के शैलसुता एफपीओ की द्वितीय आमसभा आयोजित

# जिला पंचायत सीईओ ने खाद्य तेल मशीन का किया शुभारम्भ





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा केंद्रीय क्षेत्रीय योजनांतर्गत सीबीबीओबाएफ लाइव्लीहुड्स मध्य प्रदेश के सहयोग से देवास जिले के बागली विकासखंड में गठित बाएफ के शैलसुता किसान उत्पादक संगठन द्वारा ग्राम सादीपुरा में एफपीओ की द्वितीय वार्षिक आमसभा (एजीएम) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कच्ची घानी खाद्य तेल मशीन का शुभारम्भ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत देवास हिमांशु प्रजापति द्वारा किया गया। शैलसुता किसान उत्पादक संगठन की इस द्वितीय आमसभा में महिला एवं पुरुष किसान सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति ने कहा कि ऐसे एफपीओ के माध्यम से किसान आत्मनिर्भर बन रहे है, ये संगठन अपने सदस्य किसानों की है, इसे आप सभी को आगे बढ़ाना है। प्रजापति ने कहा कि जिला पंचायत द्वारा ऐसे एफपीओ को आगे बढ़ाने में पूरा सहयोग किया जाएगा। शैलसुता किसान उत्पादक संगठन के अध्यक्ष रघुनाथ सिंह सेंधव ने बताया कि एफपीओ में 490 शेयर होल्डर के साथ आगे बढ़ रहा है, इसके व्यापार को बढ़ाने के लिये नाबार्ड द्वारा इक्विटी ग्रांट की भी सहायता प्रदान की गई। नाबार्ड के डीडीएम ओजस्वी दीक्षित ने देवास जिले में नाबार्ड द्वारा किसान उत्पादक संगठनों का गठन कर कृषि के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यो की जानकारी दी। साथ ही एफपीओ के माध्यम से कृषि उत्पाद के मूल्यवर्धन के लिए प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करने के सुझाव दिए। बाएफ लाइव्लीहुड्स के राज्य प्रमुख पवन पाटीदार द्वारा मध्य प्रदेश में चल रहे बाएफ के सतत आजीविका रूपी कार्यो तथा एफपीओ को तकनीकी रुप से सशक्त करते हुए आत्म निर्भर बनाने पर जोर दिया। उप संचालक कृषि लोकेश गंगराडे ने अपने विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। उप संचालक उद्यानिकी पंकज शर्मा ने विभाग से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। शैलसुता कृषक संगठन की रुपरेखा मैनेजर एवं एफपीओ विशेषज्ञ राजकुमार ओझा ने रखी व आय व्यय संगठन के सीइओ चेतन नागर ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन तथा आभार राजकुमार सैंधव गोपीगुराडिया द्वारा किया गया।

# ऑक्सफोर्ड मालवा के बच्चों को अग्निशामक यंत्र की दी शिक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा

ऑक्सफोर्ड मालवा अकादमी में महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित कर अग्निशामक यंत्र के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम की शुरुआत चेतन खरे ने की, जिन्होंने प्रधानाचार्य वीरेंद्र सहाय और विद्यालय के शिक्षकों के सहयोग से बच्चों को जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधन सदस्यों ने बताया कि अग्निशामक यंत्र को किस प्रकार की स्थितियों में उपयोग में लाना चाहिए। प्रिंसिपल सहाय ने कहा, यंत्र बच्चों की सुरक्षा में एक महान स्तम्भ है। इसका उपयोग करके बच्चों को आग से बचाने के तरीके सिखाए जा सकते हैं और प्रतिदिन के जीवन में भी इसका महत्व है। संस्था के डायरेक्टर भारत पाटीदार ने यह बताया कि इस प्रशिक्षण का मकसद बच्चों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है, ताकि वे आने वाली परिस्थितियों से समझदारी से निपट सकें। अग्निशामक यंत्र का प्रदर्शन विद्यार्थियों की सुरक्षा को सुदृढ करता है और इससे बच्चों में समझदारी और जिम्मेदारी का भाव भी जागृत होता है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों, विद्यालय के नॉन टीचिंग स्टाफ एवम प्रबंधक समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

### स्वच्छता के लिए नपा ने चलाया अभियान चलाया



**आष्टा।** भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत निकाय आष्टा में 9 जुलाई को विशेष प्लाग रन अभियान चलाया गया और शहर वासियों को यह संदेश दिया गया कि वह अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें। आस-पास और सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखे। हम सभी को मिलकर सामुहिक रूप से शहर को स्वच्छता अभियान में नंबर वन बनाने में मदद करनी है। स्वच्छता प्लाग रन में नगर पालिका अध्यक्ष हेम कुंवर राय सिंह मेवाडा और स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर राय सिंह मेवाड़ा, उपाध्यक्ष सिद्दिका बी, भुरू भाई मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश सक्सेना और सहयोगी संस्था एवीएस कंसलटेंसी की टीम के सहायक यंत्री आकाश गुएतर, उप यंत्री प्रमोद कुमार साहू, अनिल धुर्वे, आदित्य तलनीकर साथ ही जन प्रतिनिधि डॉ सलीम खान, कमलेश जैन, डॉ राजकुमार मालवीय, हिफजुर्रहमान भैया मिया, राशेदा अनवर हुसैन, मेहमूद अंसारी, आरती सुभाष नामदेव, शेख रइस, नूर जहां अतिक कुरेशी, जाहिद खान गुड्डू, अनिता कालू भट्ट, तारा कटारिया तेज सिंह राठौर, रवि शर्मा, अंजनी चोरसिया लता तेजपाल मुकाती, एवं समस्त नगर पालिका स्टाफ एवं स्वच्छता निरीक्षक विनोद सांगते समस्त दरोगा और समस्त सफाई कर्मचारी एवं नागरिक जन ने प्लाग रन में भाग लिया अभियान के तहत जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने नागरिकों को जागरूक किया।

## गायों की दुर्घटनाओं को देखते हुए युवाओं ने फिर तैयार किया गो विश्राम गृह

# युवाओं की पहल: लगातार पांच साल से किया जा रहा गो विश्राम गृह का निर्माण

एक निजी प्लाट की जमीन पर 40 से 50 गोवंश का रात्री के लिए बनाया विश्राम गृह। गायों के विश्राम गृह से आमजन को सीधे जोड़ने के लिए युवाओ ने एक घर-एक रोटी का सिद्धांत अपना रखा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



गो माता के कष्ट हरने के लिए नगर के अन्नपूर्णा नगर के युवा सबके लिए मिसाल बने हुए हैं। लगतार पांच वर्षो से अन्नपुर्णा नगर के युवाओं द्वारा विश्राम ग्रह का निर्माण किया जा रहा है। भारतीय संस्कृति में गाय का दर्जा माता का है, लेकिन इसके बाद भी गायें उपेक्षा की शिकार हैं और उन्हें तरह तरह के कष्ट से घिरा देखा जा सकता है। युवाओं के मन में गो माता के देखभाल का विचार आया। युवा अपने संकल्प से पीछे नहीं हटे और अपने मिशन में लगे रहे। इसका नतीजा यह हुआ कि युवाओ ने कुछ लोगो के जनसहयोग से महज कुछ दिनो में अस्थायी विश्राम गृह शुरू कर दिया। युवाओ द्वारा नगर में आवारा घूमती गायों को देख उन्हें एक स्थान पर सम्मान के साथ रखने का ख्याल आया। लोगों से कहाकि मेहनत हमारी और सहयोग आपका तो हम गोवंश को रात्री में होने वाली दुर्घटनाओ से संभाल सकते हैं। लगतार पांच वर्षो से अन्नपुर्णा नगर के युवाओं द्वारा विश्राम ग्रह का निर्माण किया जा रहा है। प्रदेष के मुख्यमंत्री द्वारा गौमाता के संरक्षण के लिए गतदिनो दिए गए आदेष का पांच वर्षो से यह युवा वहीं कार्य कर रहे है जो सराहनीय कदम है।

### एक घर-एक रोटी का सिद्धांत

गायों के विश्राम गृह से आमजन को सीधे जोड़ने के लिए युवाओ ने एक घर-एक रोटी का सिद्धांत अपना रखा है। मोहल्ले का भ्रमण कर प्रत्येक घर से रोटी एकत्रित की जाती है। बारिश के समय आवारा रोड पर घुमने वाली गाय सडक पर बैठी रहती है जिसके कारण आए दिन दो पहिया एवं चार पहिया वाहन द्वारा गौवंष को टक्कर मार दी जाती है जिससे उन्हे काफी चोटे आती है। दुर्घटनाओ को देखते हुए युवाओ ने एक अस्थाई व्यवस्था की है जिसका नाम कामधेनु विश्राम गृह रखा गया है। युवाओ का कहना है कि गोषाला खोलने में उनके रहने के साथ खाने की व्यवस्था करनी होती है जिसके लिए काफी राषी चाहिए होती है परन्तु राषि नहीं होने से हमने गौषाला नही खोलते हुए गोमाता की सुरक्षा एवं उनकी देखरेख को लेकर उनके विश्राम के लिए एक निजी प्लाट पर एक बाडा तैयार किया है। तहसील क्षेत्र से लेकर थाना परिसर तक सडक पर बैठने वाली गोवंश के लिए हमने यह व्यवस्था की है। जिसमें रात्री के समय गायों को रखने के लिए अस्थाई बाड़ा तैयार किया गया है। बारिष एवं रात्री दुर्घटनाओ से गौवंष को बचाने के लिए शाम 7 बजे उन्हे विश्राम करने अन्दर छोड दिया जाता है तथा सुबह 6 बजे गोवंश को चरने के लिए छोड दिया जाता है।

### गायों का दर्द देख दुखी हो जाते हैं युवा

युवाओ ने बताया कि जावर नगरीय क्षेत्र है परन्तु यहा एक भी गौषाला नहीं है हम जब भी सडक पर निकलते है तो गो-माता की हालत देखकर बड़ा दुख होता था। गोषाला के लिए काफी राषी चाहिए होती है परन्तु राषि नहीं होने से हमने गौषाला नही खोलते हुए गोमाता की देखरेख को लेकर उनके विश्राम के लिए एक बाडा तैयार किया है। जिसमें वे रात्री एवं बारिष से बचने के लिए विश्राम कर सके।

### घर-घर से देते है रोटी, गेहूं और आटा

अन्नपूर्णा नगर में अवारा घुमने वाली गौवंष के लिए अस्थाई विश्राम गृह बनाया गया है जहा पर पानी का प्रबंध किया गया है। गो-माता के लिए हरा चारा, भुसा, रोटी, गेंहू, आटा आदि मोहल्लेवासी दे जाते हैं।

### युवा पांच साल से कर रहे व्यवस्था

युवाओ द्वारा नगर में आवारा घूमती गायों को देख उन्हें एक स्थान पर सम्मान के साथ रखने का ख्याल आया। गो विश्राम गृह से युवाओ ने कहाकि हम गोवंश को रात्री में होने वाली दुर्घटनाओ से संभाल सकते हैं। लगतार पांच वर्षो से अन्नपुर्णा नगर के युवाओं द्वारा विश्राम ग्रह का निर्माण किया जा रहा है।

# वन अमले ने कार्रवाई कर जब्त की सागौन की लकड़ी

आरोपी हो गए फरार



**खाचरोद।** वन अमले ने कार्रवाई कर जब्त किया लकडी और वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

डीएफओ मगन सिंह डाबर, एसडीओ राजेश शर्मा के निर्देश पर वन विभाग की टीम द्वारा लकड़ी माफियाओं पर सख्त नजर रखी जा रही है। वहीं मुखबिर भी सक्रियता के साथ कार्य करते हुए वन विभाग का सहयोग कर रहे हैं।

रोल गांव सर्किल के डिप्टी रेंजर शैलेंद्र सिंह जोकी छुट्टी पर रहते हुए भी अपना कर्तव्य पूरी ईमानदारी के साथ निभा रहे हैं। उनको उनके गांव पर मुखबीर से सूचना मिली की एक ओमनी वाहन अवैध सागोन भरकर बड़कोला से आष्टा की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही डिप्टी रेंजर शैलेंद्र सिंह ने तत्काल वन विभाग की टीम को खाचरोद बिजली घर चौराहे पर पहुंचने को कहा। सूचना मिलते ही प्रभारी डिप्टी रेंजर रंजना भंसाली अपनी टीम को लेकर बिजली घर चौराहे पर पहुंची वन विभाग की टीम को देखकर आरोपी वाहन छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। वन विभाग की टीम द्वारा वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 24 नग चटपट सागवान पाई गई। वाहन ओमनी व चटपट 24 नग सागवान की कीमत 100792 आकी गई वाहान के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर राज साथ की कार्रवाई की जा रही है।

विभाग को मिली सफलता में प्रभारी रेंजर छगनलाल भिलाला, डिप्टी रेंजर रंजना भंसाली, वनरक्षक दीपेश राठौर, कपिल यादव, जितेंद्र ठाकुर, चंचल चंदेल, फेजल बरनी, विजय कुमार वर्मा, स्थाई कर्मी राम सिंह, दरियाव सिंह, सुरक्षा श्रमिक शरीफ खान के साथ इस कार्रवाई में सबसे महत्वपूर्ण योगदान स्थाई कर्मी ओमप्रकाश मेवाडा, दशरथ सिंह ठाकुर का रहा।

### कॉलेज में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया



**सीहोर।** वृहद पौधरोपण अभियान अंतर्गत प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सतीश चंद्र शर्मा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एमके वर्मा की उपस्थिति में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक प्राधिकरण के सचिव एमके वर्मा ने सांसे हो रही कम आओ पेड़ लगाएं हम का संदेश देते हुए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार चलाये जा रहे प्रदेशव्यापी वृहद पौधरोपण अभियान की जानकारी दी। इस अभियान के अंतर्गत जिला एवं तहसीलों पर जल की उचित व्यवस्था एवं संरक्षित स्थानों पर पौधों को रोपित करने के साथ-साथ संरक्षित भी किया जा रहा है।

# एक पेड़ मां के नाम: शामा शाला में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



ग्राम बमुलिया रायमल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम के तहत ग्राम पंचायत बमुलिया रायमल द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम शा.मा.शाला , श्मशान घाट, ग्राम पंचायत, सहित अनेक जगह पौधरोपण किया गांव के सरपंच प्रतिनिधि संतोष विश्वकर्मा ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सभी देशवासियों से आव्हान किया है कि देश के युवा मातृशक्ति और सभी से अपील की है कि हर नागरिक मां के नाम का एक पौधा जरूर लगाएं।

उनकी इस पहल पर नागरिकों द्वारा अपने अपने स्थान पर वृक्षारोपण किया जा रहा है इसी कार्यक्रम में सचिव ओमप्रकाश आर्य, सरपंच प्रतिनिधि संतोष विश्वकर्मा, धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर, शिक्षक प्रेम नारायण परमार, विजेंद्र सरदार, दिनेश शर्मा, नाराण सिंह दरबार,लखन सिंह ठाकुर, राहुल मालवीय, योगेन्द्र ठाकुर, सूरज सिंह एवं सभी कर्मचारी एवं ग्रामीण जनो की उपस्थिति में पौधारोपण किया गया।

### संकल्प के साथ किए पौधे रोपित

**सीहोर।** एक वृक्ष माँ के नाम के संकल्प के साथ पर्यावरण के बदलाव के दुष्प्रभाव को देखते हुए जल एवं वृक्ष संरक्षित करने का प्रयास का प्रण लिया साथ ही श्री सत्य साई विश्व विद्यायलय के स्कूल ऑफ लॉ विभाग में दिनांक 8 जुलाई 2024 को पौधा रोपण कार्यक्रम अयोजित किया गया। जिसमें कॉलेज की डीन डॉ. अमृता सोनी एवं विभाग अध्यक्ष श्रीमति शोभना व्यास कृषि विभाग से जितेंद्र लोधी, वीरबल कुशवाह, हरिसिंह रघुवंशी, मखसूद एवं छात्रों ने शीशम, चंदन, अर्जुनी, सगोंन, आम, जामुन, कटहल, बरगद, पीपल, अमरुद् सहित अनेक प्रकार के फल, फूल एवं औषधीय पौधे रोपित किये गये। पौधा रोपण कार्यक्रम में श्रमदान करने वाले अतिथियों का सस्था के सचिव जुनेद अंसारी, समाज सेवी बुशरा ने सभी का विशेष धन्यवाद व्यक्त किया।

# मिलेगी राहत : सीसी रोड निर्माण कार्य हुआ शुरू


हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



नागरिकों की समस्या का समाधान करते हुवे कायाकल्प योजना अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 8 एवं 9 के मध्य सी.सी. रोड निर्माण कार्य प्रारम्भ किया उक्त अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैध द्वारा बताया गया कि नगर परिषद् जावर सतत विकास कार्यों को गति दे रही इसी क्रम में वार्ड 8 एवं 9 के मध्य रोड निर्माण कार्य को प्रारम्भ किया गया है नगर परिषद् जावर विकाश के नए आयाम प्राप्त कर रही है। उक्त निर्माण कार्य पर वॉर्ड 8 पार्षद कैलाश मालवीय एवं वार्ड 09 की पार्षद मनीषा बहादुर परिहार द्वारा बताया गया की उक्त रोड के बनने से बरसात के कारण जो नागरिकों को समस्या होती थी वहां अब नहीं होगी वार्ड वासियों द्वारा बार-बार उक्त रोड निर्माण हेतु बोला जा रहा था वार्ड वासियों की समस्या को ध्यान में रखते हुए उक्त रोड का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है जो कि जल्द ही पूर्ण कर दिया जाएगा उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से युवामोर्चा जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर, पवन मालवीय तथा वार्डवासी उपस्थित थे।

# ग्राम मेहतवाड़ा में किया रोड का भूमि-पूजन श्रीराम मंदिर से जैन मंदिर तक होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



श्री राम मंदिर एवं जैन मंदिर जाने के लिए मुख्य मार्ग जो काफी दिनों से अपेक्षित था। इस मार्ग पर पूरे वर्ष नालियों का पानी रोड पर बैहता था। उसे मंदिर जाने वाले या आम नागरिक को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। काफी समय से इस मार्ग की मांग की जा रही थी।

जिसे पंचायत के उपसरपंच धर्मेंद्र पहलवान वार्ड नंबर 10 के मेंबर इरफान पठान, वार्ड नंबर 2 के मेंबर पंकज जैन, वार्ड नं 11 के मेंबर प्रतिनिधि राहुल कुंवर के अथक प्रयास से ग्राम पंचायत मैहतवाडा के सरपंच किरण अर्जुन मालवीय द्वारा रोड बनाने से ग्रामवासी और भक्तों की समस्या दूर होगी। रोड का भूमि पूजन समाज के वरिष्ठ वायु व्रत डालचंद जैन द्वारा उपसरपंच धर्मेंद्र पहलवान ने करवाया इस मौके पर गगन सिंह पहलवान ,ज्ञान सिंह मामा ,सोहीत सोलंकी, नदीम पहलवान, तेज सिंह, सज्जन सिंह,आदि वरिष्ठ जन उपस्थित थे। जैन समाज के सभी सामंजन उपस्थित थे। इस मार्ग का बनने पर जैन समाज के सभी जनों ने उपसरपंच धर्मेंद्र पहलवान को धन्यवाद कर सम्मान किया और ग्राम पंचायत मेहतवाडा को धन्यवाद दिया।

## नेमिनाथ जिन मंदिर में चल रही धर्म सभा में ब्रम्हचारी संजय भैया ने दिए आशीर्वचन

# स्वयं का विवेक जाग्रत किए बिना कल्याण असम्भव: संजय भैया





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

उक्त आशय के उद्गार श्री नेमिनाथ जिन मंदिर में चल रहे धर्म सभा के दौरान ब्रम्हचारी संजय भैया ने व्यक्त किये उन्होंने बताया कि प्रथमानुयोग पड़ने से धर्म के प्रति श्रद्धा बनती है चोरे छोटे दृश्टान्त से हम धर्म के प्रति लो लगा सकते हैसंसरी जीव समझ नही पाता कि हमारा वैभव कितना है हमारे अंदर भी कितनी शक्ति विद्मान है जिसके पास स्वयं का अंदर का ज्ञान नही है उनके लिए शास्त्र भी कुछ करने वाले नही है स्वयं का विवेक जाग्रत किये बिना कल्याण असम्भव है चाहे कितने ही शाष्त्र पडलो बिना विवेक बुद्धि के कुछ भी नही होता अन्यथा शाष्त्र कुछ केवल शास्त्र को प्रतिदिन अर्घ्य चढ़ाने से कुछ नही होगा जब तक हम उन्हें विवेक पूर्वक अध्ययन नही करतेज्ञान का फल क्या है ज्ञान का फल हित की प्राप्ति ओर अहित का परिहार जिससे होता हो वही सच्चे ज्ञान का फल है क्षहढाला में आत्मा का हित बहुत अछे से बताया गया है आकुलता मोक्ष में नही है हमे मोक्ष मार्ग में ही लगे रहना चाहिए जीव का पूर्ण रूप से स्व हित मे लग जाना हीहम प्रतिदिन मन्दिर आते है पूजा पाठ अज्ञानी प्राणी आर्त ध्यान में निरन्तर लगा रहता है वे मुड़ जीव कहलाते हैवे इस लोक में ओर परलोक में अपने हित को प्राप्त नही कर पाते हैतत्वार्थ सूत्र ग्रन्थ में बताया गया है कि धर्म ध्यान और शुक्ल ध्यान मोक्ष में कारण हैओर शुरू के दो ध्यान आर्त ध्यान और रौद्र ध्यान संसार के कारण है जिसकी बुद्धि और ध्यान अच्छा होगा वह इन दोनों ध्यान से बचने का प्रयास करते है जो जीव शांति से जीवन यापन कर रहा है धर्म ध्यान में लगा रहता है।

# वार्ड क्रमांक एक में पार्षद ने डलवाई मुरुम



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

वार्ड क्रमांक एक के पार्षद राजेंद्र कुमार भरेवा ने अपने वार्ड में मुरुम डलवाई। जावर वार्ड क्रमांक 1 में कई साल से बारिश के दिनों में पानी जमा होने से किचड और दलदल की स्थिति निर्मित हो जाती थी। जिस के कारण मार्ग पर राहगीरों, वाहन चालकों के साथ रहवासियों को कई परेशानियों का सामना करना पडता था। इसी पुरानी समस्या को पार्षद के द्वारा दूर किया गयाा। आने जाने वाले रास्ते पर मुरम डलवाई। किसानों को अपने खेत और घर जाने मे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बारिश में किसानों को इस रास्ते से जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। जिसे देखते हुए पार्षद राजेंद्र भरेवा ने मुरम डलवाई जिस्से किसानों को कोई परेशानी ना हो।

# कार्यमुक्त हुए निकले 8 दिन पर अभी तक नहीं पहुंचे मूल पदस्थापना पर

## वरिष्ठ कार्यालय, सीएमएचओ व सिविल सर्जन के आदेशों को चुनौति, क्यों नहीं छोड़ा जा रहा जिला मुख्यालय ?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा




जिला मुख्यालय पर अपने कार्य से मुक्त हुए डॉ कठेरिया को आज 8 दिन हो जाएंगे, परंतु मजाल है कि मूल पदस्थापना पर जाकर उन्होंने अपनी सेवाएं भी दी हों। हठधर्मिता इस कदर की जिला मुख्यालय पर ही काम करना है। डॉ कठेरिया पुराने दिन नहीं भूल पा रहे हैं। उसी समय उन्हीं के स्टॉफ के एक डॉक्टर द्वारा भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए गए थे। हालांकि सूत्र बताते हैं कि उन दिनों कैदी भी बहुत बीमार हुए जो अस्पताल में 7-7 दिन तक भर्ती रहकर अपना इलाज कराया करते थे। कई ओर ऐसे कारण हैं जिनके कारण मुख्यालय पर रहना जरूरी है। फिर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर पर निश्चित तौर वह सुविधाएं नहीं जो जिला मुख्यालय पर सुलभ उपलब्ध हो जाती है। परंतु खुजनेर के ग्रामीण मरीजों के लिए कुछ दिन अपनी सेवाएं तो दी ही जा सकती हैं। जिससे जिला मुख्यालय पर जो क्वार्टर की कमी चह रही है वह भी दूर हो जाएगी और कम से कम जो सिविल सर्जन बाहर रहने को मजबूर है उन्हें भी स्टाफ क्वार्टर मिल जावेगा जिससे जिला स्तर की स्वास्थ्य सेवाओं में और निखार आ सकेगा।

### जानबूझकर निकाले जा रहे दिन !

चूंकि वरिष्ठ कार्यालय से संज्ञान के बाद डॉ कठेरिया के अटैचमेंट को खत्म करने के आदेश हुए और सीएमएचओ डॉ किरण वाडीवा ने बिना देर किए 22 जून 2024 को डॉ कठेरिया का मूलपदस्थापना खुजनेर जाने के आदेश जारी किए। परंतु डॉ कठेरिया समय निकालने में लगे रहे जिससे किसी तरह जिला मुख्यालय न छोड़ा जाए। तत्कालीन सिविल सर्जन डॉ रूपसिंह परिहार ने भी डॉ कठेरिया का पूरा सहयोग करते हुए 22 से लेकर 30 जून तक कार्यमुक्त नहीं किया। इस तरह 2 जुलाई को नए सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा के द्वारा डॉ कठेरिया के कार्यमुक्त आदेश के बाद खुजनेर मूल पदस्थापना पर जाने के सारे रास्ते साफ हो गए। पर आज 8 दिन होने को है डॉ कठेरिया ने गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाते हुए न ही जिला मुख्यालय छोडा न ही खुजनेर में स्वास्थ्य सेवाएं दी।

### बीएमओ खुजनेर बोले नहीं है कोई सर्जन, डॉ कटेरिया ने नहीं किया ज्वाइन

50 गांवों से ज्यादा को आपने आंचल में समेटे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर के हाल यह है कि यदि यहां पर कभी कोई एमरजेंसी हो जाए तो या तो उन्हें अपनी जान बचाने के लिए शाजापुर जाना होता है। एन एच 752 निकलने के कारण यहां पर कई बार बडें हादसे हुए है जिनमें कई परिवारों ने अपनों को खो दिया है । ऐसे में यदि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर में सर्जन उपलब्ध होते तो उनका समय पर प्राथमिक उपचार हो पाता और शायद कुछ जिंदगीयां डॉ कठेरिया के उपचार के बाद बचाई जा सकती थी।

### नियमानुसार होंगे काम

अभी तो समय है क्वार्टर खाली करवाने मे। नियमानुसार सारे काम किए जा रहे हैं।

**डॉ किरण वाडीवा,**
सीएमएचओ राजगढ़

# पहली पत्नी के होते हुए इंदौर से दूसरी पत्नी लाया पति, मामला दर्ज किया

## पहली पत्नी परिजनों के साथ दूसरी महिला को पकड़कर थाने ले गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

शहर में एक अजीब मामला सामने आया है। हार्डवेयर व्यवसायी एक 45 वर्षीय युवक ने पहली पत्नी के होते हुए बिना तलाक दिए दूसरी पत्नी से नोटरी कराकर लीव इन रिलेशनशिप के तहत दूसरी पत्नी को ले आया। जिसकी शिकायत स्थानीय थाने में पहली पत्नी ने दर्ज कराई। नगर में यह मामला सामने आया जिसमें नगर के पुलिस थाने के सामने रहने वाले व्यवसायी पंकज गुप्ता ने पहली पत्नी के होते हुए दूसरी पत्नी लाया। पहली पत्नी को उक्त घटना क्रम की जानकारी मिलते ही मामले ने तुल पकड लिया। बृजबाला नामक पहली पत्नी पुलिस थाने पहुंची जहां पर पुरे घटनाक्रम से पुलिस को लिखित जानकारी देते हुए न्याय की गुहार लगाई। इसी बीच इस मामले में नया मोड़ आया जब पति पहली पत्नी की बात नहीं मानने पर राजी हुआ तो बृजबाला के मायका परिवार की महिलाएं जीरापुर पहुंची। जहां पर दुसरी पत्नी को थाने ले आई। पंकज गुप्ता ने हाल ही में नवीन मकान बंसल कालोनी में बनाया। जिसका उद्‌घाटन भी दो दिन पुर्व किया था

### बेटी ने जमानत खारिज कराई

उसी मकान में दुसरी पत्नी को रखा था। जहां पर पहली पत्नी और कुछ महिलाओं ने पहुंचकर दुसरी पत्नी कि पिटाई करते हुए पुलिस थाने लाकर शिकायत दर्ज कराई। मुख्य बात यह है कि पंकज गुप्ता के एक सतृह वर्षिय पुत्री और एक पुत्र है। पुलिस ने 151 के तहत पति पर मामला पंजीबद्ध किया तथा बेटी की आपत्ति पर पंकज को जेल भेजा गया। पहली पत्नी बृजबाला गुप्ता की 19 वर्ष पहले पंकज से शादी हुई थी पति पंकज कई सालो से उसके साथ मारपीट करता है साथ ही बच्चों को भी प्रताड़ित करता है। इस आशय का लिखित आवेदन भी बृजबाला ने पुलिस को दिया जिसमें सांस ससुर जेठानी कि भी शिकायत दर्ज कराई। पूर्व में भी दो बार शिकायत करने थाने भी गई पर घर वालों ने समझा बुझाकर उस दौरान मामले को खत्म किया था। इसी बीच पंकज दूसरी महिला को लेकर आया और नवनिर्मित मकान में रखा जिसकी जानकारी पहली पत्नी बृजबाला को लगी थी ओर उसने इस बात का पुरजोर विरोध किया लेकिन पंकज गुप्ता ने पहली पत्नी कि बात को नजरंदाज कर दिया। थाना प्रभारी रामकुमार भगत ने बताया की पति पंकज पर धारा 151 के तहत कार्रवाई की गई है तथा पंकज द्वारा लाई गई दूसरी महिला रीना इंदौर ने भी पुलिस को आवेदन देकर न्याय कि मांग की।

### विशेष लोक अदालत का आयोजन 29 जुलाई से 3 अगस्त तक

*राजगढ़। सर्वोच्य न्यायालय के निर्देषानुसार आगामी 29 जुलाई से 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालतों का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सहायता अधिकारी ने बताया कि उक्त विषेष अदालत में सर्वोच्य न्यायालय में लंबित समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण आपसी सुलह-समझौते के आधार पर किया जाएगा। प्रधान जिला न्यायाधीष राजीव आपटे ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट में लंबित ऐसे राजीनामा योग्य प्रकरणों जो जिला राजगढ़ के क्षेत्राधिकार अंतर्गत उद्धुत हुए हैं। ऐसे प्रकरणों में पक्षकारों के साथ प्रीसिटिंग बैठकें आयोजित की जाकर सुलह-समझौते की कार्रवाई संपादित की जा रही है। स्थानीय समस्त विभागों की आरे से पत्र प्रेषित कर उनके विभाग से संबंधित लंबित प्रकरण के निराकरण हेतु आवष्यक कार्रवाई किए जाने हेतु निर्देषित किया है कि ऐसे पक्षकर जिनका प्रकरण कईं वर्षो से सर्वोच्य न्यायालय में लंबित है, वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजगढ़ अथवा राष्ट्रीय टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 पर संपर्क कर निःशुल्क लाभ ले सकते हैं।*

### आरोपी ने गौवंश से की थी गलत हरकत

# घिनौना कृत्य, आरोपी को जूते-चप्पल पहना निकाला जुलूस



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

जीरापुर थानाक्षेत्र के गागोरनी गांव निवासी एक युवक ने नशे की हालत में घिनौना कृत्य कर डाला। युवक ने एक गौ वंश के साथ गलत काम किया। जब यह बात स्थानीय लोगों और हिन्दू संगठन के लोगों को मालूम हुई तो वे आक्रोषित हो उठे। नाराज लोगों ने आरोपी युवक रामलाल का मुंह काला किया और उसे जूते-चप्पलों की माला पहनाकर पूरे गांव में जुलूस निकाला। स्थानीय लोगों ने मामले में थाने पहुंचकर लिखित शिकायत भी की। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है। उधर, टीआई रामकुमार भगत का कहना है कि गांव के रामलाल ने गाय के साथ गलत हरकत की है जिस पर कार्रवाई जारी है। जूलूस निकालने के संबंध में उन्हें जानकारी नहीं है।

# एक पेड़ मां के नाम अभियानः पुलिस कॉलोनी में 101 पौधे रोपकर की अभियान की शुरुआत

**नरसिंहगढ़।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत मंगलवार को पुलिस कॉलोनी में पौधारोपण किया गया। विधायक प्रतिनिधि सुदीप शर्मा थाना प्रभारी शिवराज सिंह की चौहान की मौजूदगी में परिसर में 101 पौधे लगाकर अभियान की शुरुआत की गई। इस दौरान थाना प्रभारी ने प्रत्येक पुलिसकर्मी को अभियान अंतर्गत पांच पौधे लगाने के निर्देश दिए। विधायक प्रतिनिधि ने भी पर्यावरण सुरक्षा के संकल्प को दृष्टिगत रखते हुए सभी से अधिक वृक्ष लगाने की अपील की गई। इस दौरान कपिल वैध सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद थे।






### विधायक मोहन शर्मा ने किया जिले के प्रथम आईएसओ थाने का भ्रमण

**कुरावर।** बीते रविवार को राजगढ़ जिले में प्रथम के पुलिस विभाग के कुरावर थाने को स्वच्छता सुव्यवस्थित रखरखाव पीड़ितों के उचित बैठने की व्यवस्था को लेकर भोपाल के आई.एस.ओ विभाग ने जिला पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के द्वारा थाना प्रभारी मेहताब सिंह को आई.एस.ओ का प्रमाण पत्र भेंट किया था। वहीं सोमवार शाम को क्षेत्र विधायक मोहन शर्मा भी थाने का भ्रमण करने पहुंचे जहां उन्होंने निरीक्षण कर पाया कि राजगढ़ जिले में कुरावर थाने को सभी सुव्यवस्थित मानको के आधार पर प्रथम बार यह प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है या हमारे नरसिंहगढ़ क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण है। इस मौके पर थाना प्रभारी मेहताब सिंह सहित पुलिस स्टाफ एवं उनके साथ इस अवसर पर भूपेंद्र सिंह भदोरिया आदि उपस्थित थे।

# 3 माह से वेतन न मिलने पर पटवारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

## बच्चों की फीस व लोन की किस्तें ओवर डयू होने से बढ़ रही है परेशानी



**ब्यावरा।** मध्यप्रदेश पटवारी संघ की जिला ईकाई ने तीन माह से वेतन न मिलने पर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए समय पर वेतन भुगतान की बात कही। पटवारी संघ अध्यक्ष राधेश्याम अहिरवार ने बताया की पटवारियों की अप्रैल, मई और जून की वेतन डयू चल रही है और जुलाई की भी 10 तारीख हो गई है। ऐसे में जबकि बच्चों के प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं और उनकी फीस व मकानों के लोन की किस्त ओवर डयू हो रही है। इस आर्थिक संकट के कारण परिवार की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। तहसीलदार को सौंपे ज्ञापन में सख्त चेतावनी देते हुए पटवारियों ने कहा है कि हमारी वेतन का भुगतान शीघ्र अति शीघ्र करा जाए यदि ऐसा नहीं होता है तो पटवारी संघ आंदोलन करने पर बाध्य होना, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# निर्माणाधीन तीन मंजिला भवन धराशायी एक मजदूर के फंसे होने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा



नगर के राजगढ़ बायपास चौराहा क्षेत्र शिवधाम कॉलोनी के समीप नदी किनारे निर्माणाधीन तीन मंजिला मकान मंगलवार देर शाम धराशायी हो गया, जिसमें एक मजदूर के दबे होने की आशंका हैं, जबकि एक को गंभीर अवस्था में सिविल अस्पताल पहुंचाया हैं। घटना के बाद रेस्क्यू टीम, जेसीबी, क्रेन आदि मौके पर पहुंच गए, वहीं कलेक्टर और एसपी भी मौके पर पहुंच गए हैं। जानकरी के मुताबिक शिवधाम कालोनी के पास अजनार नदी के किनारे एक तीन मंजिला मकान उस समय गिर गया, जब उसकी छत डाली जा चुकी थी। छत डालने के बाद मजूदर बाहर निकल गए थे, लेकिन कुछ मजदूर अंदर ही हाथ-पैर धो रहे थे कि भर भराकर मकान धराशायी हो गया, जिसमें एक मजदूर के दबे होने की बात कही जा रही हैं, जबकि एक को बाहर निकाल लिया गया हैं, जिसकी हालत नाजुक बनी हुई हैं। घटना के बाद से ठेकेदार और मकान मालिक फरार बताए जा रहे हैं। घटना घटित होने के बाद जैसे ही लोगों को जानकारी लगी, वहां पर हुजूम लग गया और रेस्क्यू टीम मलवा हटामें जुटी रही। जेसीबी, क्रेन आदि से मलवा हटाने का कार्य समाचार लिखे जाने तक जारी था। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों ने मोर्चा संभाल लिया है। कलेक्टर हर्ष दीक्षित, एसपी आदित्य मिश्रा, एसडीएम गीतांजलि शर्मा, तहसीलदार, थाना प्रभारी देहात गोविंदसिंह मीणा, सिटी थाना प्रभारी वीरेंद्रसिंह धाकड़मौके पर पहुंच गए और मलवा हटवाने में लगे रहे।

# मेले में अपराध को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे 5 लोगों को पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

मानोरा मेले में अपराध को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी हरेंद्र कुशवाह पिता मोहन कुशवाह उम्र 19 साल निवासी मोहनपुर थाना ग्यारसपुर, दीपेश अहिरवार पिता मोबत सिंह अहिरवार उम्र 19 साल निवासी मिर्जापुर थाना सिविल लाइन विदिशा, अज्जू आदिवासी पिता प्रकाश आदिवासी उम्र 20 साल निवासी मिर्जापुर थाना सिविल लाइन विदिशा, गोलू लोधी पिता कालू लोधी उम्र 19 साल निवासी राहतगढ़ सागर और अंकित कुशवाह पिता बलराम कुशवाह उम्र 18 साल निवासी राहतगढ़ जिला सागर को पुलिस ने दबोचा है। पुलिस को सूचना मिली की मेला ग्राउंड में कुछ लोग मेले में आए लोगों से अभद्रता कर रहे हैं एवं किसी प्रकार की घटना को अंजाम दे सकते हैं। जिन्हें एंटी थीफ स्क्वाड एवं ग्यारसपुर पुलिस द्वारा मौके पर जाकर अभिरक्षा में लिया लिया गया ताकि किसी भी प्रकार की कोई कोई घटना घटित न हो।

# अभाविप के 76वें स्थापना दिवस पर रोपे अनेक पौधे, सुरक्षा का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 76वें स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर स्थानीय लीड महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अभाविप के कार्यकर्ताओं ने परिसर में विभिन्न किस्मों के अनेकों पौधे रोपकर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान उपस्थित वक्ताओं ने पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण की महत्ता प्रतिपादित करते हुए उपस्थितों से आव्हान किया कि सभीजन अपने घरों व उचित स्थानों पर दो पौधे अवष्य रौपें साथ ही पौधों के पेड़ बनने तक उनकी देखभाल करें। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य आर.के. शर्मा, अभाविप विभाग संगठन मंत्री धर्मेंद्र दांगी सहित कई कार्यकर्ता, विद्यार्थी उपस्थित थे।

# शपथ ग्रहण कर लौटे कैबिनेट मंत्री रामनिवास रावत का किया स्वागत

## स्वागत करने भाजपा कार्यकर्ता व नागरिक हुए एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा



प्रदेश सरकार के मुखिया मोहन यादव की सरकार में कैबिनेट मंत्री की शपथ लेकर अपने गंतव्य विजयपुर की ओर लौटे नवांगत मंत्री रामनिवास रावत को क्षेत्र के बारवां जोड़ स्थित सिद्दी विनायक कान्वेंट स्कूल में सरपंच दिनेश मीणा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता, क्षेत्र के ग्रामीणजन और आम नागरिकों ने जोरदार स्वागत सत्कार किया।

मंत्री रावत के हाईवे पहुंचते ही ढोल-डमकों के साथ आतिशबाजी की गई। साफा बांधा गया और पुष्पहारों से स्वागत किया गया। स्वागत से अभिभूत रावत ने कहा कि मुझे जो जबावदारी मिली हैं, उसका निर्वहन आम जनता की भलाई और प्रदेश के विकास के लिए कार्य करूंगा। स्वागत करने के दौरान सरपंच दिनेश मीणा सहित पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जशवंतसिंह गुर्जर, समाजसेवी मांगीलाल पटेल, किसान मोर्चा अध्यक्ष केएल गुर्जर, धर्मशाला अध्यक्ष रामगोपाल नेताजी, जगदीश साहू, मोहन दांगी, रामनिवास मीणा, राजू मीणा, दिनेश पलासी, हरीश, गोविंद मीणा, संतोष राव, गोवर्धन दांगी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। वहीं रावत का नगर के गुना बायपास पर सरपंच विष्णुप्रताप सिंह मीणा कड़यिाहाट, रामहेत मीणा सरपंच गिंदोरमीणा व अन्य लोगों द्वारा पुष्पहारों से स्वागत किया गया।

### 'पौधे लगेंगे तो निश्चित ही धरती मां का श्रृंगार होगा'

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत तहसील परिसर में राज्य मंत्री टेटवाल ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा धरती मां को हरा भरा बनाने एवं पर्यावरण को सुरक्षित करने के उद्देश्य को लेकर समाज के हर वर्ग एवं राजनेतिक दलों एवं प्रशासनिक अधिकारी जन प्रतिनिधि आमजन से आवाह्न किया की धरती मां को हरा भरा बनाने में अपनी अहम भूमिका अदा करें। आप सब एक पेड़ अपनी मां के नाम जरूर लगाएं, ताकि आने वाली पीढ़ी उस पेड़ को देखकर अपने पूर्वजों की याद ताजा बनी रहे। साथ ही धरती मां का श्रंगार भी होता रहे। प्रधानमंत्री मोदी के इस संकल्प को पूरा करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री सहित आम जन एवं प्रशासनिक अधिकारी ने भी अपने कदम बढ़ाते हुए एक पेड़ मां के नाम लगाने में आगे आ रहे हैं।

इसी को लेकर सोमवार को तहसील सभा गृह में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उस दौरान स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने वृक्षारोपण एवं न्याय साहिता के बारे में जानकारी दी। इसके बाद तहसील परिसर में पौधा रोपण किया इसके पूर्व तहसील परिसर में तहसीलदार मनोज शर्मा द्वारा राज्यमंत्री का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर एसडीओपी अरविंद सिंह थाना प्रभारी संतोष बघेल भाजपा नेता निर्मल जैन सहित समस्त पटवारी उपस्थित रहे।



### सभी पटवारी एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाएंगे

*प्रतिवर्ष बारिश के दिनों में वृक्षारोपण फोटो तक सीमित हो जाता है लेकिन इस बार जो वृक्षारोपण हो रहा है वह हकीकत में धरातल पर दिखने की कगार पर पहुंचने के उद्देश्य से एक पेड़ अपने मां के नाम लगाने का जो संकल्प चल रहा है उसमें सारंगपुर के सभी पटवारी अपने-अपने नाम अपनी-अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाएंगे और पेड़ के साथ ट्री गार्ड भी होगा ताकि पेड़ जीवित रहे। वही सभी पटवारी को अपने-अपने हलके में 200 पेड़ लगाने का लक्ष्य दिया है उसे भी पूरा करने में पटवारी ने उपस्थित जनप्रतिनिधि को वचन दिया है । सारंगपुर तहसील में लगभग सभी विभाग सरपंच जनप्रतिनिधि आम जन को मिलाकर सवा लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है हकीकत में अगर यह पौधे लगेंगे तो निश्चित ही धरती मां का श्रृंगार होगा।*